# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 01.07.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", हिंदुस्तान,आई नेक्स्ट," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

हिन्दुस्तान –दि0 01.07.2026

## सारनाथ में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने मंगलवार को नौ स्थानों पर 62 बीघे में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करा दी। सारनाथ जोन में जयरामपुर गांव में रिंकू सिंह की सात बीघे, आलोक सिंह की पांच बीघे और गोलू मिश्र की तीन बीघे में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। जयरामपुर गांव में ही अनिल मिश्र की तीन बीघे, ऋषभ सिंह की चार बीघे, राजेश पटेल की 12 बीघे में प्लॉटिंग ध्वस्त की गई।

## आई नेक्स्ट –दि0 01.07.2026

### वीडीए ने बुलडोजर से तोड़ी 62 बीघा अवैध प्लाटिंग

**VARANASI:** वीडीए पूर्ण बोरा के निर्देश पर मंगलवार को अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. जोन दो में बुलडोजर से 62 बीघा अवैध प्लाटिंग तोड़ी गई. पिछले एक माह से कुछ प्रभावशाली लोगों ने चोरी-छिपे जमीन की अवैध प्लाटिंग शुरू कर दी थी. सूचना मिलने के साथ वीडीए उपाध्यक्ष ने टीम गठित कर जोन में भेजा. वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि जोन दो में टीम भेजकर नौ स्थानों पर 62 बीघा में आबाद हो रहे अवैध प्लाटिंग को तोड़ा गया.